# समाचार वाणी

**ख़बर जो करें असर !**

नाशिक | Wednesday, 19 August 2026


## SBI मे 2500 से ज्यादा पदों पर भर्ती, जानिए कौन कर सकता है आवेदन और क्या है प्रक्रिया।


Publisher

Published on 10 May 2025





### स्टेट बैकं ऑफ इंडिया की तरफ से बंपर पदों पर भर्ती निकाली गी है. जिसके लिए उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर तुरंत आवेदन कर सकते है.

अगर आप बैंकिंग सेक्टर में नौकरी पाने का सपना देख रहे हैं, तो आपके लिए एक शानदार मौका आ गया है. भारत के सबसे बड़े बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) ने सर्कल बेस्ड ऑफिसर (CBO) के पदों पर बंपर भर्तियों का ऐलान किया है. इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया 9 मई 2025 से शुरू हो चुकी है और इच्छुक उम्मीदवार 29 मई 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं.

कितने पदों पर होगी भर्ती
नोटिफिकेशन के अनुसार इस भर्ती अभियान के जरिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया SBI में कुल 2500 से ज्यादा पदों पर भर्ती की जाएगी.

क्या होनी चाहिए योग्यता ?
जो भी उम्मीदवार इस भर्ती के लिए आवेदन करना चाहते हैं, उनके पास किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन की डिग्री होनी चाहिए. खास बात ये है कि मेडिसिन, इंजीनियरिंग, चार्टर्ड अकाउंटेंसी और कॉस्ट अकाउंटेंसी जैसे प्रोफेशनल डिग्री धारक भी आवेदन कर सकते हैं.

उम्र सीमा
उम्र सीमा की बात करें तो उम्मीदवार की उम्र 30 अप्रैल 2025 तक कम से कम 21 साल और ज्यादा से ज्यादा 30 साल होनी

चाहिए. यानी इस तारीख तक आपका जन्म 1 मई 1995 से 30 अप्रैल 2004 के बीच होना चाहिए.

कैसे होगा चयन

चयन की प्रक्रिया में चार चरण होंगे ऑनलाइन लिखित परीक्षा, स्क्रीनिंग, इंटरव्यू और स्थानीय भाषा की जानकारी का टेस्ट. उम्मीदवारों को इन सभी चरणों में सफल होना जरूरी होगा.

आवेदन शुल्क कितना है ?

सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग के उम्मीदवारों को ₹750 आवेदन शुल्क देना होगा. जबकि एससी, एसटी और दिव्यांग वर्ग के उम्मीदवारों से कोई फीस नहीं ली जाएगी. शुल्क का भुगतान डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग या ऑफलाइन मोड से किया जा सकता है.

**ऐसे करें ऑनलाइन आवेदन**

**१. सबसे पहले SBI की आधिकारिक वेबसाइट sbi.co.in पर जाएं.**

**२. होमपेज पर 'Careers' सेक्शन मे जाएं.**

**३. 'SBI CBO Recruitment 2025' लिंक पर क्लिक करें.**

**४. रजिस्ट्रेशन करें और आवेदन फॉर्म भरें.**

**५. जरूरी डॉक्यूमेंट अपलोड करें, फीस भरें और फॉर्म सबमिट कर दें.**

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.